जब याद कान्हा तेरी आई मोरे नैन नीर भर आये

जब याद कान्हा तेरी आई,
मोरे नैन नीर भर आये,
मैं रोया तुझे याद करके कान्हा,
मैं रोया तुझे याद करके।bd।

याद आता है तेरा माखन चुराना,
वो गोपियों को पनघट बुलाना,
कैसे सही कान्हा तेरी जुदाई,
मोरे नैन नीर भर आये,
मैं रोया तुझे याद करके कान्हा,
मैं रोया तुझे याद करके।bd।

मेरे साजन मेरे माही,
काहे सताए आजा कन्हाई,
काहे जग में है मुझे बिसराई,
मोरे नैन नीर भर आये,
मैं रोया तुझे याद करके कान्हा,
मैं रोया तुझे याद करके।bd।

करके भरोसा तेरा जग में है आया,
देख रूप मेरा मन भरमाया,
'मनोज कृष्ण' की आँख भर आई,
मोरे नैन नीर भर आये,
मैं रोया तुझे याद करके कान्हा
मैं रोया तुझे याद करके।bd।

जब याद कान्हा तेरी आई,
मोरे नैन नीर भर आये,
मैं रोया तुझे याद करके कान्हा,
मैं रोया तुझे याद करके।bd।

Singer – Neeraj Mishra

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com